# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025




## साइकिल धोने गए थे बच्चे, गांव में पसरा मातम

# तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

ग्राम केरजू स्थित तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। बच्चे घूमते हुए अपनी साइकिल धोने के लिए तालाब किनारे चले गए और साइकिल धोने के बाद दोनों भी तालाब में उतर गए। इस दौरान गहरे पानी में दोनों बच्चे डूबने लगे। इससे पहले की आस पास मौजूद लोगों बच्चों को बचा पाते वे गहरे पानी में डूब गये। बच्चों को किसी तरह बाहर निकालकर अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दो बच्चों की मौत से परिजन शोक में है इसके साथ ही गांव में कोहराम मच गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम केरजू बाजारपारा निवासी संजय अग्रवाल का 9 वर्षीय पुत्र अंश अग्रवाल एवं नवीन अग्रवाल का 7 वर्षीय पुत्र आरव अग्रवाल बुधवार की शाम 5 बजे अपनी अपनी साइकिल से घूमने के लिए निकले हुए थे। घूमते हुए दोनों बच्चे गांव के मुख्य मार्ग से लगे तालाब के पास चले गये। दोनों बच्चे तालाब में अपनी साइकिल धोने के लिए उतर गये थे। संभावना जताई जा रही है कि साइकिल धोने के बाद खेल खेल में बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की चीख पुकार सुनकर आस पास मौजूद लोग तालाब के पास पहुंचे। जब तक लोग बच्चों को बचा पाते वे पानी में डूब चुके थे। कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को तालाब से



बाहर निकाला गया और परिजन को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन बच्चों को लेकर कांसाबेल अस्पताल पहुंचे जहां से उन्हें अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। परिजन द्वारा बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग

बताया जा रहा है कि मृतक अंश अग्रवाल अपने घर का इकलौता चिराग था इसके साथ ही अराव का एक दो वर्षीय छोटा भाई भी है। इस हादसे में दो बच्चों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पीएम उपरांत गुरुवार को दोनों बच्चों के शव गांव पहुंचे जहां ग़मगीन माहौल में दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया।

**याचिका खारिज**

## शराब कारोबारी को नहीं मिली हाईकोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में करोड़ों के कथित शराब घोटाला मामले में आरोपी कारोबारी विजय भाटिया को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल पाई। शराब कारोबारी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपराधिक मामले में रिट याचिका दाखिल की थी। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में गुरुवार को सुनवाई हुई। शराब कारोबारी विजय भाटिया की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने पक्ष रखा, जिसमें जांच एजेंसी एसीबी पर बिना समन के याचिकाकर्ता विजय भाटिया को गिरफ्तार करने की बात रखी गई। वहीं आरोपी के खिलाफ एफआईआर होने के बाद एक साल से ज्यादा समय बीतने कार्रवाई में देरी को लेकर एसीबी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने पक्ष रखा। अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में सबूत जताने और करीब 300 गवाहों से पूछताछ की गई। एनफोर्समेंट डायरेक्टेड ईडी ने एसीबी को पहले अभियुक्त से पूछताछ करने के बाद उसे 31 मई 2025 को दोपहर में सौंपा और फिर 24 घंटे के बाद रायपुर में एक जून को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद इस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

# पारिवारिक विवाद में हैवान बने बेटा और दामाद, पिता की हत्या

## पिता ने कहा- बेटी को मत मारो तो बेटे ने सिर पर मारा डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ामाचा में एक बेटे और दामाद ने मिलकर पिता की डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इलाज के दौरान 55 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 22 जून की दोपहर लगभग 12 बजे घर में उस वक्त विवाद शुरू हुआ जब आनंद सिंह की बेटी गीता पैकरा और उसके पति रोहित पैकरा (दामाद) के बीच किसी घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। रोहित गीता से मारपीट कर रहा था। यह सब देखकर पिता आनंद सिंह बीच-बचाव करने पहुंचा और बोला मेरी बेटी को मत मारो। पिता की यह बात बेटे सुनील पैकरा 19 वर्ष को नागवार गुज़री। उसने गुस्से में आकर पास रखे डंडे से पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इतने में दामाद रोहित पैकरा 32 वर्ष ने भी घर में रखा दूसरा डंडा उठाया और ससुर पर



**जेल भेजे गए आरोपी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यह हृदय विदारक पारिवारिक घटना है, जिसमें मृतक के ही बेटे और दामाद ने उसकी हत्या कर दी। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल आनंद सिंह को जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रायगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर की रिपोर्ट में सिर में लगी गंभीर चोट को मौत का कारण बताया गया। चूंकि घटना जशपुर जिले के अंतर्गत हुई थी, इसलिए केस थाना बागबहार को सौंपा गया।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025


## रथयात्रा आज

रायपुर/भुवनेश्वर। जगन्नाथ पुरी, रायपुर समेत देशभर में हर साल भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। पुरी में 27 जून से भगवान की रथ यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा 10 दिनों तक चलेगी। माना जाता है कि इस यात्रा में शामिल होने से भक्तों के भाग्य खुल जाते हैं। माना जाता है कि इस यात्रा में शामिल होने से भक्तों के भाग्य खुल जाते हैं। स्कंद पुराण में लिखा है कि रथ यात्रा में जो इंसान भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा में उनके नाम का कीर्तन करता हुआ गुंडीचा नगर तक जाता है वह पुनर्जन्म से छुटकारा पा लेता है।






भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 28 घंटे की यात्रा के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर सफलतापूर्वक डॉकिंग की है। 26 जून 2025 का दिन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया, जब शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस पर कदम रखा। वह आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय और 41 साल बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

- यह पहली बार है, जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर
- बोले शुभांशु- बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं...
- शुभांशु के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे

# 28 घंटे का सफर और अंतरिक्ष में रच दिया इतिहास

### ऋशुभांशु बने एस्ट्रोनॉट नंबर 634



### अंतरिक्ष से शुभांशु का पहला संदेश

अंतरिक्ष में पहुंचते ही शुभांशु शुक्ला ने भारतवासियों के लिए एक भावुक संदेश भेजा। उन्होंने कहा, नमस्कार दोस्तों, मैं अंतरिक्ष से बोल रहा हूं। यहां सब कुछ भारहीन है। बिल्कुल बच्चे की तरह चलना और खाना सीख रहा हूं। यह अविस्मरणीय अनुभव है।

### यह भी जानिए

- शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे वाले पहले भारतीय
- शुभांशु की टीम के सदस्य खाद्य और पोषण से जुड़ा शोध करेंगे
- अंतरिक्ष में उगाई गई शैवाल की तुलना पृथ्वी पर उगाई गई शैवाल से की जाएगी।

## शुभांशु की इंटरनेशनल स्पेस सेंटर में एंट्री, रहेंगे 14 दिन, जुटाएंगे कई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा, जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था। यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक लाइव वीडियो में अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन के पास आते हुए दिखाया गया और 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय ▶▶| शेष पेज 6 पर



### एक्स-4 मिशन की टीम

- पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर)
- शुभांशु शुक्ला (भारत)
- स्लावोश उजनस्की (पोलैंड)
- तिबोर कापू (हंगरी)

### गले लगाकर हुआ स्वागत

जैसे ही शुंभाशु आईएसएस पर उतरे और हैच से बाहर आए, तो उनके चेहरे पर मुस्कुराहट थी और गले मिलकर उनका स्वागत किया जा रहा था। इसके अलावा जो फोटोग्राफ्स आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि चारों अंतरिक्ष यात्रियों को एक वेलकम ड्रिंक सर्व की गई है। आईएसएस पर मौजूद और मिशन 73 का हिस्सा फ्लाइट इंजीनियर ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स ने शुभांशु, पोलैंड के मिशन स्पेशलिस्ट स्लावोज उज्नास्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू के साथ अमेरिका की कमांडर पैगी व्हिटसन का स्वागत किया।

### डॉकिंग क्या है?

डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को एक-दूसरे से जोड़ना। यह एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है, जिसमें दोनों यानों को एक-दूसरे के बहुत करीब लाना होता है। इसके लिए दोनों यानों पर सेंसर और कंप्यूटर होते हैं जो ▶▶| शेष पेज 6 पर

## हार्ट अटैक से निधन, एसीआई में उपचार के दौरान ली अंतिम सांस

# सबको हंसाने वाले पद्मश्री हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे रुला कर चले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं अंतराष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे का आज हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से निकलेगी। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में होगा। कुमार विश्वास सहित देश के जाने माने साहित्यकार और कवि इसमें शामिल हो सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 6 पर

**अंतिम यात्रा आज सुबह 10.30 बजे**

### संवेदना व्यक्त

डॉ. दुबे के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए शुभचिंतकों ने गहरा दुख जताया है। सीएम विष्णु देव साय ने अशोका रत्न स्थित विास पर पहुंचकर दिवगंत पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि दी। श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के लिए अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अचानक मिली उनके निधन की सूचना से स्तब्ध हूं। डॉ. दुबे ने अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और ▶▶| शेष पेज 6 पर

# धर्म नगरी में अधर्म, योगी बाबा का कई देशों से नाता, एनजीओ की भी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज : राजनांदगांव

**हरिभूमि फॉलोअप**

योग आश्रम की आड़ में धर्मनगरी में युवाओं और पर्यटकों को गांजा, सेक्स टाय और उत्तेजक दवाइयां उपलब्ध कराने वाले योगी बाबा कांती अग्रवाल को गिरफ्तार करने के बाद डोंगरगढ़ पुलिस ने अब गोवा पुलिस से संपर्क कर आरोपी का क्रिमिनल रिकॉर्ड मांगा है। डोंगरगढ़ में संपत्ति की भी जांच पड़ताल शुरू हो गयी है। 100 से अधिक देशों से भी नेटवर्क होने का दावा करने वाले आरोपी के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### डोंगरगढ़ में अनैतिक कामों में लगा था बाबा

*पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह करीब दर्जन भर एनजीओ से जुड़ा हुआ है और इसी के कारण वह सौ देशों की यात्रा भी कर चुका है। आरोपी के इस बयान के बाद पुलिस ने विदेश यात्राओं की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यहीं नहीं एनजीओ से संबंधित डिटेल को भी खंगाला जा रहा है।*



### जांच जारी

पुलिस ने योगी बाबा कांति अग्रवाल के योग आश्रम में छापामार कार्रवाई की है। पुलिस को गांजे के साथ साथ कई आपत्तिजनक सामान भी मिले है। मामले में आरोपी के एनजीओ और संपत्ति की जांच जारी है।

मोहित गर्ग, एसपी राजनांदगांव

### लोकल कनेक्शन की भी जांच

*पुलिस ने बाबा योगी कांती अग्रवाल के लोकल डोंगरगढ़ कनेक्शन की भी जांच पड़ताल शुरू की है। यह पता लगाया जा रहा है कि इस अनैतिक कारोबार किसके इशारे और संरक्षण में शुरू किया गया था। यहीं नहीं मोबाईल के सीडीआर के जरिए आरोपी के करीबियो की भी पतासाजी की जा रही है। पुलिस ऐसे लोगों को शीघ्र तलब कर सकती है।*











### बड़ी मात्रा में हथियार और सामान बरामद

# मुठभेड़ में मारी गई छह लाख की ईनामी दो महिला नक्सली








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए माओवादी कैडरों के शवों की प्राथमिक पहचान सीमा एरिया कमेटी मेंबर और कुटुल एरिया कमेटी तथा लिंगे पार्टी मेंबर के रूप में हुई है। मुठभेड़ स्थल से 1 इंसास राइफल, 8 राउंड और 1 मैगजीन, 1 देशी निर्मित 315 बोर राइफल, 4 राउंड, राइफल .303 के 15 राउंड, विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। यह संयुक्त अभियान माड़ डिविजन के वरिष्ठ माओवादी कैडरों की उपस्थिति की सूचना के आधार पर नारायणपुर, कोंडागांव ▶▶| शेष पेज 6 पर

- सीमा पर 5 लाख और लिंगे पर 1 लाख का ईनाम घोषित

### मानसून में भी चलेगा अभियान

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि सुरक्षा बल माओवादी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान को मानसून के दौरान भी निरंतर जारी रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रतिबंधित और अवैध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के पास अब आत्मसमर्पण और हिंसा छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने माओवादियों से अपील की कि वे तुरंत ▶▶| शेष पेज 6 पर

# समुद्र में स्थित है ये रहस्यमयी किला, आज तक कोई नहीं जीत सका, मीठे पानी की झील है पहेली



**नई दिल्ली।** भारत में बेहद खूबसूरत और ऐतिहासिक कले हैं। यहां पर राज करने वाले राजाओं ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए किलों के निर्माण कराए हैं। यहां ऐसे कई प्राचीन किले हैं, जो अपने आप में कई रहस्य समेटे हुए हैं। एक इसी तरह का किला महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के तटीय गांव मुरुद में स्थित है, जिसे मुरुद जंजीरा किला के नाम से जाना जाता है। समुद्र तल से 90 फीट की ऊंचाई पर बने इस किले की खासियत है कि यह बीच समुद्र (अरब सागर) में बना हुआ है।

मुरुद जंजीरा किला भारत के पश्चिमी तट का एक मात्र ऐसा किला है, जो कभी भी जीता नहीं जा सका। कहा जाता है कि ब्रिटिश, पुर्तगाली, मुगल, शिवाजी महाराज, कान्होजी आंग्रे, चिम्माजी अप्पा और संभाजी महाराज ने इस किले को जीतने का काफी प्रयास किया था, लेकिन इनमें से कोई भी सफल नहीं हो सका। यही वजह है कि 350 साल पुराने इस किले को 'अजेय किला' कहा जाता है।



## 15वीं सदी में हुआ था किले का निर्माण

मुरुद-जंजीरा किले का दरवाजा दीवारों की आड़ में बनाया गया है, जो किले से कुछ मीटर दूर जाने पर दीवारों के कारण दिखाई देना बंद हो जाता है। कहा जाता है यही वजह रही होगी कि दुश्मन किले के पास आने के बावजूद चकमा खा जाते थे और किले में घुस नहीं पाते थे। इस किले का निर्माण अहमदनगर सल्तनत के मलिक अंबर की देखरेख में 15वीं सदी में हुआ था। बताया जाता है कि इसका निर्माण 22 साल में हुआ था। 22 एकड़ में फैले इस किले में 22 सुरक्षा चौकियां हैं। यहां सिद्दीकी शासकों की कई तोपें अभी भी रखी हुई हैं, जो हर सुरक्षा चौकी में आज भी मौजूद हैं।



## 40 फीट ऊंची दीवारों से घिरा हुआ

यह किला 40 फीट ऊंची दीवारों से घिरा हुआ है। माना जाता है कि यह किला पंच पीर पंजातन शाह बाबा के संरक्षण में है। शाह बाबा का मकबरा भी इसी किले में है। इस किले में मीठे पानी की एक झील है। समुद्र के खारे पानी के बीच होने के बावजूद यहां मीठा पानी आता है। यह मीठा पानी कहां से आता है, यह अभी तक रहस्य ही बना हुआ है।

## रोचक खबरें

### २० रुपए की नोट में दिखने वाली जगह पहुंची महिला, दिखाया खूबसूरत नजारा!



**नई दिल्ली।** हमारा देश इतना खूबसूरत है कि आप किसी भी राज्य में पहुंच जाएं, आपको हर जगह दिलकश नजारे दिख जाएंगे। भारतीय मुद्राओं में ये नजारे भी देखने को मिलते हैं। 20 रुपए की ही नोट को उठाकर देख लीजिए। आपको पेड़ों के बीच समुद्र नजर आएगा, जो अपने आप में काफी अनोखा है। पर क्या आप जानते हैं कि आखिर ये जगह कहां है, जिसे लोग 20 रुपये की नोट पर देखते हैं? हाल ही में एक महिला उसी जगह पर पहुंच गई, जो नोट के पीछे छपी है, जब आप इसे असल में देखेंगे तो हैरान हो जाएंगे।इंस्टाग्राम यूजर ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो उस जगह को दिखा रही हैं, जो 20 रुपए की नोट के पीछे नजर आती है। वीडियो में वैली कहती हैं- इस वक्त हम लोग वहां पहुंच गए हैं, जहां से 20 रुपए का व्यू लिया गया है। महिला सबसे पहले एक बड़ी 20 रुपए की नोट को दिखाती है, फिर उसके बाद वो कैमरा को उस तरफ घुमा देती है जहां वो नजारा है। आप देख सकते हैं कि दो पेड़ों के बीच समुद्र नजर आ रहा है और पेड़ों के नीचे एक बालकनी जैसी जगह बनी है, जहां खड़े होकर लोग फोटो खिंचवा सकते हैं। सामने आपके घने पेड़ नजर आएंगे और दूर समुद्र में नाव चलती हुई दिखाई दे रही हैं। अब अगर आप सोच रहे हैं कि ये जगह कहां है, तो आपको बता दें कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है, जहां ये खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। इस वीडियो को 38 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कई लोगों ने ये सवाल किया कि आखिर ये जगह कहां पर है। एक ने कहा कि अब उसे भी इस जगह पर जाने का मन कर रहा है। एक ने मजाक में कहा- 20 रुपए का व्यू देखने के लिए 20 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

### जज्बा उम्र का मोहताज नहीं 80 साल की दादी ने चलाई ट्रैक्टर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अक्सर ऐसे वीडियो सामने आते हैं जो इस बात को साबित कर देते हैं कि असली ताकत इंसान के जज्बे में होती है, उम्र में नहीं। एक बार फिर से यही बात सच होती नजर आ रही है एक वीडियो में, जिसमें 80 साल की एक बुजुर्ग महिला पूरे कॉन्फिडेंस और देसी स्टाइल के साथ ट्रैक्टर चलाती नजर आ रही हैं। यह वीडियो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग दादी अम्मा की हिम्मत और हौसले को सलाम कर रहे हैं। दादी खेत में खड़े ट्रैक्टर को बड़े सहज तरीके से स्टार्ट करती हैं और उसे कॉन्फिडेंस से भरपूर अंदाज में चलाती भी हैं। इतना ही नहीं, वे ट्रैक्टर पर बैठे-बैठे रील भी बनवाती हैं। उनकी चाल-ढाल और अंदाज देखकर किसी को यकीन नहीं होता कि उनकी उम्र 80 साल है। दादी का आत्मविश्वास वीडियो में अच्छे से दिखता है। स्टीयरिंग थामना, गियर बदलना और ट्रैक्टर को खेत में घुमाना। इन सब पर उनकी जबरदस्त पकड़ है। देखने वालों को कहीं से नहीं लगता कि वह पहली



बार ट्रैक्टर चला रही हैं या उन्हें किसी तरह की हिचकिचाहट है। हर सीन में उनकी मुस्कान और आत्मबल साफ नजर आता है। यह वीडियो अब तक हजारों लोगों द्वारा देखा जा चुका है और इसे खूब पसंद भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं लगातार आ रही हैं।

### बच्चों को स्कूल नहीं भेजता ये कपल तालीम देने का खोजा अनोखा तरीका

**वॉशिंगटन।** स्कूली बच्चों से अगर पूछा जाए कि वो एक चीज क्या चाहते हैं, तो वो कहेंगे कि कुछ ऐसा हो जाए कि उन्हें स्कूल न जाना पड़े! लगभग हर पीढ़ी के



बच्चों के मन में कभी न कभी ये ख्याल आया होगा कि उन्हें स्कूल जाने की जरूरत ही न पड़े। मगर सोचने वाली बात ये है कि क्या वाकई हमें स्कूल जाने की जरूरत होती है? हाल ही में एक अमेरिकी कपल ने बताया कि वो अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते, बल्कि वो उन्हें दुनिया के अलग-अलग देशों में ले जाते हैं और फिर उन्हें ऐसा ज्ञान दिलाते हैं जिससे वो अलग इंसान बन सकते हैं। दुनियाभर की यात्रा करते हुए पढ़ाई करवाना, पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था से हटकर बच्चों को सिखाना- अमेरिका के फ्लोरिडा की डायना ब्लिंक्स और उनके पति स्कॉट ने यही रास्ता चुना है। डायना (41), जो एक कंटेंट क्रिएटर हैं और जिनके इंस्टाग्राम पर 1.45 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, अपनी तीन बेटियों- लुसिल (12), एडिथ (11) और हेज़ल (9)- को लेकर जुलाई 2022 से 'वर्ल्ड स्कूलिंग' कर रही हैं। उन्होंने और उनके पति ने कॉर्पोरेट दुनिया की दौड़ से बाहर निकलकर बच्चों को दुनिया घूमते हुए पढ़ाने का फैसला किया। वे कहती हैं, 'हम चाहते थे कि हमारी बेटियां किताबों से नहीं, जीवन से सीखें- दुनिया को खुद देखें, महसूस करें। आज लुसिल स्पेन में फ्लेमेन्को डांस सीख रही है, एडिथ एथेंस में ग्रीक मिथोलॉजी पढ़ रही है और हेज़ल मोंटेनेग्रो में समुद्री जीवन संरक्षण सीख रही है।

# इस गांव को है अनोखा वरदान! जहरीले सांप के काटने से भी नहीं जाती किसी की जान

अगर किसी को सांप काट ले तो कई बार लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में यूपी में एक ऐसा गांव है, जो अपनी विशेषता के लिए जाना जाता है। इस गांव में जहरीले सांप के काटने से किसी की मौत नहीं होती। इसके पीछे की दिलचस्प कहानी है। उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। जहां 75 जिले हैं। यहां के हर हिस्से की अपनी खासियत है। ऐसा ही एक गांव सहारनपुर में है, जो धार्मिक मान्यताओं से घिरा हुआ है। यहां के मंदिरों में देशभर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं।

**नई दिल्ली।** सहारनपुर का महाभारत कालीन गांव जड़ौदा पांडा भी काफी फेमस है। इस गांव में बाबा नारायण दास मंदिर की महत्ता देशभर में है। बाबा के वंश से जुड़े 12 गांवों जड़ौदा पांडा, किशनपुरा, जयपुर, शेरपुर, घिसरपड़ी, किशनपुर, चरथावल, खुशरोपुर, मोगलीपुर, चोकड़ा, घिस्सूखेड़ा, न्यामू के ग्रामीण देवता मानते हैं।

### बाबा की कृपा

इन सभी गांवों पर बाबा नारायण दास की ऐसी कृपा है कि यहां अगर किसी को जहरीला सांप काट लेता है, तो उनको सांप के काटने का जरा भी असर नहीं होता और न ही उनकी मौत होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 700 साल पहले ग्राम जड़ौदा पांडा निवासी उग्रसेन और माता भगवती के घर बाबा नारायण दास का जन्म हुआ था।

### महाभारत कालीन गांव



### क्या कहते हैं लोग?

कहा जाता है कि बाबा नारायण दास बाबा नारायण दास श्री पंचायती उदासीन अखाड़े से जुड़े हुए थे और शिव भक्त थे और उन्होंने कई जगहों पर तपस्या की थी। बाबा ने अपनी 80 बीघा जमीन शिव मंदिर में दान दी थी। इस महाभारत कालीन शिव मंदिर के पास साधना के दौरान वह अपने सेवक, घोड़े, कुत्ते के साथ धरती मां की गोद में समा गए थे।



### क्या कहते हैं पंडित?

*कहते हैं यहां बाबा की समाधि बना दी गई थी, जो कि आज भी है। इस समाधि पर दूर-दूर से लोग अपनी मन्नत लेकर आते हैं। दावा है कि यहां आने वाले की हर मनोकामना पूरी होती है। ग्रामीण पंडित का दावा है कि आज तक हमने ऐसा नहीं सुना कि किसी को सांप ने काटा हो और उसकी मौत हो गई हो।*

### नहीं चढ़ता सांप का जहर

*पंडित का दावा है कि बाबा नारायण दास की 12 गांवों पर खास कृपा है। सांप काटने के बाद भी किसी को कोई दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ती। यहां बाबा नारायण दास का समाधि स्थल है और इस गांव की एक दिव्य शक्ति है। यहां पहले बांस का वन था। बाबा के समाधि स्थल को जुड़ कहा जाता था। इसी वजह से मंदिर को भी जुड़ मंदिर कहते हैं।*

# पहली बार 2 मर्दों से बिना मां के पैदा हुआ बच्चा, चीन के वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास

**बीजिंग।** विज्ञान ने इस बार प्रकृति के सभी नियमों को पार कर दिया है चीन के जियाओतोंग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा चूहा तैयार किया है, जो केवल दो नर चूहों के डीएनए से जन्मा है, मतलब इसकी कोई मां नहीं है। यह स्टडी 23 जून 2025 को नामी साइंटिफिक जर्नल राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की कार्यवाही में छपी है।

### 20 साल की रिसर्च

इस प्रक्रिया से तीन बच्चे जन्में थे। इनमें से एक आकार में बड़ा होने के कारण अगले दिन मर गया। 2004 में जापान में दो मादा चूहियों से बच्चों का जन्म कराया गया था। लेकिन, ये पहली बार है जब 2 नर से बच्चे को पैदा कराया गया। इस बार चीनी वैज्ञानिकों ने जीन डिलीशन की बजाय मिथाइलेशन के जरिए एपिजेनेटिक रीप्रोग्रामिंग की जिससे भ्रूण अधिक स्वस्थ रहा।







### कैसे हुआ ये अनोखा चमत्कार

इस प्रयोग को सफल बनाने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने एपिजेनेटिक प्रोग्रामिंग पैटर्न को एडिट किया और नया तरीका अपनाया। आपको बता दें कि मिथाइलेशन की प्रक्रिया में डीएनए की एक्टिविटी को नियंत्रित किया जाता है, लेकिन इसका असर डीएनए सीक्वेंस पर नहीं पड़ता।

इसमें एक लैब-ब्रेड माउस और दूसरा थाईलैंड के वाइल्ड माउस की नस्ल का इस्तेमाल किया गया। इसके लिए सबसे पहले अंडाणु से जीनोम हटाया गया और उसमें 2 मेल शुक्राणु को इंजेक्ट किया गया। इनमें से एक के मिथाइलेशन पैटर्न को महिला डीएनए जैसा बनाया गया।



### क्यों जरूरी है ये खोज?

यूनिवर्सिटी कालेज लंदन की असोसिएट प्रोफेसर हेलेन ओ'नील का कहना है कि, इससे ये साबित होता है कि स्तनधारी जीवों में एक लिंग से संतान पैदा करने में बड़ी बाधा जीनोमिक इम्प्रिंटिंग है और अब शायद इसे पार किया जा सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने ये भी साफ कर दिया है कि इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों पर लागू नहीं हो सकता। भले यह सफलता इंसानों के लिए उपयोगी नहीं है, लेकिन इससे रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी, जेनेटिक इंफर्टिलिटी और क्लोनिंग जैसे क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

## बसकरा लें ये एक टेस्ट, नई रिसर्च में खुलासा

# सिर्फ 30 सेकंड में जानें कितने साल तक जिएंगे आप



**न्यूयार्क।** हाल ही में किए गए एक शोध से ये सामने आया है कि एक छोटा सा फिजिकल टेस्ट आपकी उम्र का सही-सही अंदाजा लगा सकता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में छपी रिपोर्ट के अनुसार, इस टेस्ट में फर्श पर बैठने और फिर बिना हाथों या घुटनों के सहारे खड़े होने की क्षमता का परीक्षण किया गया. इससे पता चलता है कि शरीर कितना बैलेंस्ड और फ्लेक्सिबल है।

### कैसे दिए जाते हैं अंक?

जिन लोगों को 10 अंक मिले, उनमें मृत्यु दर 3.7% थी। वहीं, 8 अंक पाने वालों में यह दर 11.1% थी। जिन्हें सबसे कम अंक मिले जो कि 0-4 के बीच था उनमें मरने वालों की दर 42.1 प्रतिशत थी. रिसर्चर क्लाउडियो गिल ने कहा कि इस टेस्ट को बिना किसी की निगरानी के नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिसके भी रीढ़ की हड्डी में चोट है उन लोगों को भी ये टेस्ट करने से बचना चाहिए।



### इसे कहा जाता है सिटिंग राइजिंग टेस्ट

शरीर का लचीलापन, बैलेंस और मांसपेशियों की ताकत कितनी और कैसी हैं, ये बताते हैं कि दिल की सेहत और कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन कैसे काम कर रहा है। इस टेस्ट को सिटिंग राइजिंग टेस्ट कहा जाता है। इस रिसर्च में 46 से 75 साल की उम्र के 4,282 लोगों को शामिल किया गया. 0-10 के बीच मिले अंक में जिसके सबसे कम थे उनकी मृत्यु दर ज्यादा थी. इसमें 5 अंक बैठने और 5 खड़े होने के लिए दिए जाते हैं। आपको बता दें कि 12 साल की रिसर्च में 665 लोगों की मौत हो गई।

### दिल हो गया कमजोर

अगर एसआरटी में आपका प्रदर्शन खराब है तो इसकी सीधा मतलब है कि आपके दिल की काम करने की क्षमता कमजोर हो गई है। धमनियों का सख्त हो जाना रक्त वाहिकाएं के समय से पहले बूढ़े होने के संकेत देते हैं। साथ ही यह भी हो सकता है कि ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम जो दिल की धड़कन को नियंत्रित करता है, कमजोर हो रहा है।

### बिच्छू के जहर से होगा ब्रेस्ट कैंसर का इलाज



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के वैज्ञानिकों ने ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज को लेकर एक नई उम्मीद की किरण दी है। अमेजन में रहने वाले बिच्छू ब्रॉथियास अमेज़ोनिकस के जहर में एक खास अणु पाया गया है जो कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है। खास बात ये है कि ये शरीर के अन्य सेल्स को जरा भी नुकसान नहीं पहुंचाता है। साओ पाउलो यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च टीम ने इस पर काफी गहराई से अध्ययन किया और पाए गए मॉलिक्यूल का नाम रखा बामाजे स्पल्प1. लैब में हुए शुरुआती टेस्ट्स में ये पाया गया कि इस बिच्छू का जहर ब्रेस्ट कैंसर सेल्स को खत्म करने में कीमोथेरेपी जितना ही प्रभावी हो सकता है। हालांकि, बिच्छू से जहर निकालना व्यावहारिक नहीं है तो इसके लिए वैज्ञानिकों ने बायोटेक्नोलॉजिकल तकनीक की मदद ली। इस प्रोजेक्ट की रिसर्चर प्रोफेसर एलियान अरण्तेस का कहना है कि उन्होंने पिचिया पास्टोरिस नामक यीस्ट का प्रयोग किया है जो बायोटेक उद्योग में उपयोगी साबित हो चुका है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन के अनुसार, ब्रेस्ट कैंसर दुनियाभर की महिलाओं में सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। वहीं कैंसर से होने वाली मौतों में बेस्ट कैंसर दूसरे नंबर पर है। 2022 में इस बीमारी के 2.3 मिलियन मामले दर्ज किए गए थे और 6.7 लाख लोगों की मौत हुई थी। स्पल्प1 पर अभी लैब में ही शुरुआती टेस्ट हुए हैं, लेकिन इसके दिखने वाले प्रभावों से वैज्ञानिक बहुत उत्साहित हैं। इसका अगला कदम होगा जानवरों पर इसका परीक्षण करना और फिर क्लीनिकल ट्रॉयल। अगर ये मॉलिक्यूल इंसानों पर भी सुरक्षित साबित हुआ तो यह ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में बड़ा गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया | वर्ष : 23, अंक : 340 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### डीएपी खाद के संकट में डूबे किसान

इधर राजधानी रायपुर के आसपास के गांवों से लेकर राज्य के दूरदराज के इलाकों तक से किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलने का संकट गहरा गया है। किसानों की मानें तो हालत ये है कि सोसाइटी से डीएपी न मिलने की स्थिति में सोसाइटी से कर्ज लेकर खुले बाजार से डीएपी खरीद रहे हैं। बताया गया है कि खुले बाजार में डीएपी का रेट 1750- 1800 रुपए तक हो गया है। जबकि सोसाइटी में इसका रेट 1350 रुपए है।

# खुले मार्केट से महंगी खाद लेने का साइड इफेक्ट किसानों ने उठाया 100 करोड़ ज्यादा कर्ज

- किसानों ने अब तक उठाया है 4105 करोड़ का कर्ज
- टार्गेट 7800 करोड़ का, आधा कर्ज बंट चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में इस साल खरीफ सीजन में राज्य के किसानों ने पिछले साल के मुकाबले अब तक सहकारी सोसाइटियों से 100 करोड़ रुपयों से अधिक का कर्ज उठा लिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि डीएपी खाद के संकट ने कर्ज का आंकड़े में इजाफा किया है। जानकारों का कहना है कि सोसाइटी से डीएपी नहीं मिलने पर किसानों को खुले बाजार से महंगी दरों पर यह खाद ▶▶|शेष पेज 6 पर



### विकल्प भी गायब

डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके का आवंटन किया जा रहा था, लेकिन सोसाइटियों से अभी एनपीके भी गायब है। मानसून आ चुका है और बोआई का समय है, इसलिए किसानों को मजबूरी में खुले बाजार से ज्यादा कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

### 4 लाख 5 हजार टन खाद का वितरण

अपेक्स बैंक के सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 5 लाख 65 हजार मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसमें से 4 लाख 5 हजार मीट्रिक टन खाद का वितरण हो चुका है। जबकि सोसाइटियों के पास 1 लाख 60 हजार मीट्रिक टन खाद शेष है। सोसाइटियों में डीएपी को छोड़कर अन्य प्रकार की खाद जैसे एनपीके, सुपर फास्फेट, व अन्य खाद मौजूद है। राज्य में डीएपी खाद भंडारण 78 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 58 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है। 14 हजार मीट्रिक टन का उठाव बाकी है। दूसरी ओर एक अपुष्ट जानकारी ये भी सामने आई है कि सरकार ने पूर्व में डीएपी के भंडारण का जो लक्ष्य रखा गया था, उसे कम कर दिया गया है। कम लक्ष्य के हिसाब से देखा जाए तो लक्ष्य के मुकाबले 92 प्रतिशत डीएपी का वितरण हो चुका है। लेकिन अभी भी किसानों की ओर से डीएपी की सप्लाई की मांग में तेजी बनी हुई है, पर सप्लाई नहीं हो पा रही है।

## शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान देने पर जताई असहमति

# पहलगाम आतंकी हमले को किया नजरअंदाज इसलिए भारत ने किया हस्ताक्षर से इंकार

- भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देने के लिए संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए
- संयुक्त बयान में बलूचिस्तान का उल्लेख किया गया, लेकिन पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

*भारत ने पाकिस्तान, चीन समेत पूरी दुनिया को एक बार फिर आतंकवाद पर सख्त संदेश दिया है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है क्योंकि इसमें पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद ▶▶|शेष पेज 6 पर

### रक्षामंत्री बोले- भारत ने आतंकवाद से किया बचाव

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान, पीड़ितों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर गोली मारी गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले का तरीका भारत में लश्कर-ए-तैयबा के पिछले आतंकवादी हमलों के जैसा था। भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है।

### अब सुरक्षित नहीं आतंकवाद के केंद्र भारत उन्हें निसंकोच बनाएगा निशाना



### पहलगाम की जगह बलूचिस्तान का जिक्र

भारत का साफ कहना है कि यह संयुक्त बयान आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत स्टैंड को नहीं दिखाता है। हद तो यह है कि पहलगाम हमले का कोई जिक्र नहीं है बल्कि उसकी जगह डॉक्यूमेंट में बलूचिस्तान का उल्लेख किया गया है और भारत पर वहां सांकेतिक रूप से अशांति पैदा करने का आरोप लगाया गया है। रक्षामंत्री ने कहा, इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

### शंघाई सहयोग संगठन में 10 देश

शिखर सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए रूस, पाकिस्तान और चीन सहित सदस्य देशों ने भाग लिया। 2001 में स्थापित, शंघाई सहयोग संगठन का उद्देश्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। इस ब्लॉक में वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं। इनमें बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं।

## सक्ती राजमहल पर हमला, आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

हरिभूमि फॉलोअप

सक्ती राजमहल में घुसकर राजा धर्मेंद्र के परिवार और समर्थकों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही बाकी आरोपियों की तलाश चल रही है। गौरतलब है कि बुधवार 25 जून को राजमहल सक्ती में भारी हो हंगामा और मारपीट की घटना हुई थी। बताया जाता है कि महल में बड़ी रानी की तरफ से कुछ लोग पहुंचे थे, उन्होंने कब्जे की बात को लेकर भारी हो हंगामा किया। इस दौरान राजा धर्मेंद्र की अनुपस्थिति में परिवार से अभद्र व्यवहार और महल के कर्मचारियों और उपस्थित समर्थकों से मारपीट भी की गई। ▶▶|शेष पेज 6 पर




### साक्ष्य आधारित करवाई

सक्ती राजमहल में जो भी घटना घटित हुई है, उस पर त्वरित और साक्ष्य आधारित न्याय संगत कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। कानून व्यवस्था का उल्लंघन करके अपराधिकृत करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

\- अंकिता शर्मा, एसपी, सक्ती

## नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई रेखा, अंतिम चरण में रेल सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक बस्तर अंचल में विकास की गाड़ी अब तेजी पकड़ रही है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल, छत्तीसगढ़ तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है। इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और ▶▶|शेष पेज 6 पर






### यह बस्तर के भीतर उम्मीद : साय

कोठागुडेम–किरंदुल रेललाइन केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि यह बस्तर के भीतर उम्मीद, विकास और विश्वास की पटरी बिछाने का कार्य है। यह रेलमार्ग नक्सल प्रभावित सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के लिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव का द्वार खोलेगा, जहां के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से रेल कनेक्टिविटी एक सपना रही है। हम केंद्र सरकार के सहयोग और भारतीय रेल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनके समन्वय से यह सपना साकार हो रहा है।

\-विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री

## महिला ने रेलवे पटरी पर दौड़ाई कार, रुकी रहीं ट्रेनें



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद के बाहरी इलाके में गुरुवार सुबह एक महिला ने रेल की पटरियों पर कार चलाई, जिससे ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। पुलिस ने बताया कि महिला ने यहां शंकरपल्ली में करीब आठ किलोमीटर तक कार चलाई। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक रूप से परेशान लग रही थी और उसने कार रोकने पर पुलिसकर्मियों से झगड़ा करने की कोशिश की।

### कब और कैसे हुई यह घटना?

गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे स्थानीय लोगों ने नागुलापल्ली और शंकरपल्ली के बीच गेट नंबर 22 से रेलवे ट्रैक में एक कार को घुसते देखा गया। शंकरपल्ली के पास एक क्रॉसिंग पर फंसने के बाद रेलवे इंजीनियरिंग कर्मचारियों ने वाहन से संपर्क किया।




### सैन्य प्रमुख आज प्रदान करेंगे वीरता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 27 जून को यहां आयोजित होने वाले एक अलंकरण समारोह में नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा प्रदान करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह का आयोजन नवनिर्मित नौसेना भवन में पहली बार किया जाएगा।



### इजरायल और ईरान से स्वदेश लौटे 4244 लोग

**नई दिल्ली।** इजरायल और ईरान युद्ध के मध्य हुए संघर्षविराम के बीच भारत ने ऑपरेशन सिंधु के जरिए अब तक दोनों से कराई गई अपने और अन्य पड़ोसी मित्र देशों के नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कुल आधिकारिक आंकड़ा साझा किया है। साथ ही संघर्षविराम के बाद ऑपरेशन सिंधु पर विराम लगाने को लेकर कहा कि भारत अभी क्षेत्र में बने हुए जमीनी हालात पर पैनी निगरानी बनाए हुए है। जिसके आधार पर ही कोई निर्णय लिया जाएगा।



## चिंतन

# एससीओ मंच से आतंकवाद पर चीन-पाक को कड़ा संदेश

आतंकवाद पर कड़ा संदेश देना जरूरी है। चीन का दोगलापन नहीं चलेगा। एक तरफ चीन वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात करता है, दूसरी तरफ चीनी प्रभुत्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान में पाकिस्तान को खुश करने के लिए पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का जिक्र तक नहीं किया जाता है, बल्कि बलूचिस्तान में चल रहे बलूच लिब्रेशन आर्मी के विद्रोह में इशारे में भारत के हाथ का उल्लेख किया जाता है। चूंकि एससीओ सम्मेलन चीन में हो रहा है, ऐसे में संयुक्त बयान में सभी सदस्य देशों के हितों को तवज्जो दिलाना चीन का ही दायित्व है। पहलगाम की ताजा आतंकी घटना का एससीओ के बयान में शामिल नहीं करना चीन के आतंकवाद के प्रति दोहरे रवैये को इंगित करता है। भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चीन और पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि आतंकवाद को लेकर सिलेक्टिव रुख नहीं चलेगा। इसका नतीजा हुआ कि एससीओ का संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने साफ कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को आश्रय देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। शांति और समृद्धि आतंक के साथ नहीं रह सकते। एससीओ सदस्यों से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की जरूरत है। यूं तो एससीओ बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, लेकिन आतंकवाद को लेकर भारत के कड़े रुख व पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट के हाथ की बात जगजाहिर होने के बावजूद एससीओ के संयुक्त बयान में आतंकी घटना की निंदा न होना व पाकिस्तान को लेकर कुछ भी नहीं कहा जाना, एससीओ के लक्ष्य की सार्थकता को ही निरर्थक बना रहा है। एससीओ के ध्येय में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। चीन के चलते कभी भी एससीओ में भारत के हितों की रक्षा नहीं होगी, इसलिए भारत का इसमें बना रहना व्यर्थ है, समय व ऊर्जा गंवाने जैसा है। चीन कभी दिल से भारत का हित चाहेगा भी नहीं, इसलिए उसकी छतरी वाले इस संगठन में भारत के रहने का कोई औचित्य ही नहीं है। 2001 में स्थापित, एससीओ में वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं- बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। चीन की गुप्त कोशिश एससीओ में बांग्लादेश को भी शामिल कराने की है, हालांकि अभी तक इस बाबत कुछ कहा नहीं गया है, पर एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शिखर बैठक से कुछ दिन पहले 19 जून को चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की चीनी शहर कुनमिंग, युन्नान में पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हुई। बांग्लादेश में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन और पाक-बांग्लादेश के बीच बढ़ती नजदीकी के बाद भारत के खिलाफ चीन, पाक व बांग्लादेश का त्रिकोण बन रहा है। वर्ष 2024 में दिसंबर में मोहम्मद यूनुस और शहबाज शरीफ की मुलाकात के बाद सैन्य और आर्थिक सहयोग शुरू हुआ है। भारत को जहां आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख बनाए रखना है, वहीं इस नए त्रिकोण से निपटने के लिए भी सामरिक व कूटनीतिक तैयारी करनी है।



युद्ध विराम
प्रमोद भार्गव

# एटमी अस्त्रों के बहाने युद्ध के मायने

> इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ?

ईरान-इजरायल के बीच 12 दिन युद्ध चला, बीच में अमेरिका द्वारा ईरान के एक साथ तीन परमाणु ठिकानों पर हमला और जवाबी कार्यवाही में ईरान का कतर में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर अल-उदैद हमले का आखिरी परिणाम क्या निकला? कहना मुश्किल है। यह युद्ध और इसमें नटखट बच्चे की तरह हरकतें देखने में आई हैं। ये हरकतें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रही हैं। इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करते हुए अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा।

ये बम बनाना तब और मुश्किल हो गया है, जब इजरायल ने ईरान पर किए पहले ही हमले में वहां के अनेक परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया था। युद्ध के ग्यारहवें दिन ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देश युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। परंतु इस घोषणा के बाद दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए। यही नहीं, ईरान ने भी अमेरिका के अरब देशों में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के संदर्भ में ट्रंप ने कहा कि उसे कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। इसलिए अमेरिका ने ईरान पर कोई जवाबी हमला नहीं किया और ट्रंप ने दावा कर दिया कि उनकी मध्यस्थता से युद्ध विराम लागू हो गया है। कतर ने भी इस युद्ध विराम में मध्यस्थता की भूमिका अदा की, लेकिन इस युद्ध की जरूरत क्या थी, यह सवाल जस का तस बना हुआ है।

दरअसल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ? परमाणु हथियारों के जानकार कह रहे हैं कि ईरान के पास 20 परमाणु हथियार बनाने की क्षमता थी, जो अब घटकर 6 बम बनाने की रह गई है। जबकि ट्रंप का घोषित लक्ष्य था कि ईरान यूरेनियम क्षमता बढ़ाने के लिए जिस तेजी से संवर्धन कर रहा है, वह तय सीमा से बाहर की बात होती जा रही है। लेकिन ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता कम भले ही हो गई हो, पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। यह तथ्य तीनों देशों के आए बयानों से सत्यापित होता है। अतएव ईरान पर किया गया बेवजह हमला, कुछ वैसा ही रहा जैसा 2003 में अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने ईराक पर यह कहते हुए किया था कि ईराक के पास बड़ी मात्रा में जैविक हथियार हैं। जबकि युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद अमेरिका जैविक हथियार होने का कोई प्रमाण दुनिया को नहीं दे पाया। हां, सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतारने के बाद तेल के कुओं पर जरूर कब्जा कर लिया। बावजूद यह आशंका बनी हुई है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर जो बम गिराए हैं, उनसे यदि रिसाव होता है तो एक बड़े भू-क्षेत्र में परमाणु विकिरण का संकट पैदा हो सकता है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु संवर्धन प्रतिष्ठान फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अत्याधुनिक बी-2 घातक बमों से हमला किया था। इन बमों को सटीक निशाने पर दागने



के लिए अमेरिकी पनडुब्बियों ने पहले दो मिसाइलों से बम गिराए, जिससे बंकर बस्टर बमों के लिए मैदान साफ किया गया। इसके बाद आसमान से एक के बाद एक 14 जीबीयू-57 बी बंकर बस्टर दाग दिया। इस पूरे अभियान को नतीजे तक पहुंचाने के लिए अमेरिका ने 15 युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया। उपग्रह द्वारा निर्देशित 2400 किलो परमाणु विस्फोटक साथ ले जाने वाला यह बम जमीन में घूमता हुआ 60 मीटर गहराई तक जाने के बाद विस्फोट करके अपने लक्ष्य साधने में सफल हुआ। अमेरिका ने तीनों ठिकानों पर 14000 किलो विस्फोटक वाले बम गिराए थे, अतएव भविष्य में विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है? अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं।

अमेरिका का यह हमला दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल, किसी देश पर हमला करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी, परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में इराक पर हमले के समय बुश ने संसद से मंजूरी ली थी। इसलिए ट्रंप के समर्थकों के साथ विपक्ष भी नाराज है। नाटो देश भी इस युद्ध पर सहमत दिखाई नहीं दिए। रूस और चीन खुले रूप में ईरान के पक्ष में खड़े दिखाई दिए। चूंकि भारत के ईरान और इजरायल दोनों से ही मधुर, कूटनीतिक संबंध हैं, इसलिए तटस्थ रहते हुए शांति की पहल करता रहा। अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु बम के उपयोग को मानवता के विरुद्ध अमानुषिक कृत्य मानते हैं। इनके उपयोग के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कठोर आर्थिक व राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जितनी भी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, वे सब अमेरिका या अन्य पश्चिमी देशों के दबाव में रहती हैं। यही देश इन संस्थानों को चलाने के लिए धन मुहैया कराते हैं और इन्हीं देशों के लोग इन संस्थानों के सदस्य होते हैं, इसलिए यहां पक्षपात साफ दिखाई देता है। अब ईरान में परमाणु विकिरण फैल भी जाए, तब भी अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिबंध लगाना असंभव है।

ईरान ने अमेरिकी सहयोग से 1957 में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका ने ईरान को सहयोग करना बंद कर दिया। बावजूद पश्चिमी देश ईरान पर परमाणु बम बना लेने का आरोप लगाते रहे। परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के बाद भी ईरान पर शंकाएं की जाती रहीं। इजरायल ने जासूसी करके कुछ ऐसे सबूत जुटाए जिनसे यूरेनियम संवर्धन की आशंका मजबूत हुई। ईरान ने पहले संवर्धन रोक दिया था, लेकिन इजरायल की बढ़ती सामरिक क्षमता के चलते उसने गुपचुप परमाणु कार्यक्रम षुरू कर दिया था। इस कारण ईरान पर पश्चिमी देशों ने यह कहते हुए अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे कि ईरान परमाणु बम बनाने के निकट पहुंच गया है। बाद में कई साल चली वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतिबंध हटा लिए थे। इस समझौतें में ईरान को असैन्य यूरेनियम संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक रखना मान्य कर लिया था। लेकिन 2018 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने समझौते से हाथ खींच लिए और ईरान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। मई 2025 में आईएईए ने दावा किया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम की मात्रा 408 किलो है। इससे कई परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसे ही नष्ट करने के लिए युद्ध और युद्ध विराम का यह खेल खेला गया, लेकिन अब ईरान ने कह दिया है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। तब फिर इस युद्ध के परिणाम क्या निकले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शुभ उड़ान
प्रो. आर.के. जैन



# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था, वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी, वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया। 25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था, वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं। कुल 60 से अधिक प्रयोग, जिनमें सामग्री विज्ञान, जैविक अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभाव शामिल हैं, भारत के भविष्य के मिशनों—जैसे 2035 तक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने के लिए नींव रखेंगे। यह वह दस्तक है जो ब्रह्मांड के दरवाजे पर भारत की उपस्थिति को अमर कर रही है, न केवल एक यात्री के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में। यह न कोई अंत है, न कोई पड़ाव। यह तो एक नई शुरुआत है, उस भारत की, जो अब ब्रह्मांड की गहराइयों में अपनी कहानी लिख रहा है, और जिसकी गूंज सितारों से सितारों तक अनंत काल तक गूंजेगी। यह भारत का वह उद्घोष है, जो कहता है कि "हम आए हैं, और हम रहेंगे, धरती पर, आकाश में, और सितारों के पार!"

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को मिले त्वरित न्याय

देश में बढ़ रहे महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध को त्वरित न्याय के लिए फास्टट्रैक कोर्ट के गठन पर गृहमंत्री अमित शाह ने जोर दिया। वाराणसी में आयोजिक एक बैठक में गृहमंत्री ने चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस विषय पर बात की ताकि पीढ़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। देश में जिस तेजी से यौन अपराध बढ़ रहे हैं उसकी रोक थाम के लिए कदम उठाना जरूरी है। देश में जिस तेजी से दुष्कर्म की घटनाएं आए दिनों घट रही है उसकी रोक थाम के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए ताकि प्रभावितों को न्याय मिलने में देरी ना हो और अपराधी बच कर न निकल पाए।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किए, आज उसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने व अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मदद मिली है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### नवाचार को बढ़ावा

हमारे युवा वाकई असाधारण रूप से प्रतिभाशाली, तकनीक से प्रेरित और दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यह आपसी विकास का एक अवसर है, जो व्यवसायों के लिए नवाचार को बढ़ावा देगा और साथ ही हमारे राज्य के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**



### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हम शीघ्र ही प्राकृतिक खेती को अधिक प्रोत्साहन देने वाली योजना बनाएंगे, मंडियों में दोनों प्रकार की फसलों के उपार्जन और विक्रय की व्यवस्था करेंगे, ताकि किसान परेशान न हों।

**-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र**



### दुश्मनों की ज़रूरत नहीं

जब ज़ोहरान ममदानी अपना मुंह खोलते हैं, तो पाकिस्तान की पीआर टीम छुट्टी ले लेती है। भारत को उनके जैसे सहयोगी के रूप में दुश्मनों की ज़रूरत नहीं है। वह न्यूयॉर्क से सिर्फ हवा हवाई बातें करते हैं।

**-अभिषेक सिंघवी, कांग्रेस सांसद**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# वियतनाम ने आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड किया खत्म

वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया, जिसमें सरकार को हटाने की कोशिश करना, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना व बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी करना, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेना शामिल है। सरकारी मीडिया के अनुसार, वियतनामी सांसदों ने बुधवार को सुधारों को पारित किया। कानूनी सुधारों के बाद वियतनाम के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के लिए मृत्युदंड की सजा पाने वाली ट्रुओंग माई लान को राहत मिल सकती है। लान के वकील फान मिन्ह होआंग ने बृहस्पतिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फाट' की 67 वर्षीय अध्यक्ष अब नए नियमों के अनुसार 'मृत्युदंड से छूट के लिए पात्र' होंगी। लान को 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए फांसी की सजा दी गयी है।



## ऑफ बीट

# फायदा या नुकसान स्क्रीन कंटेंट पर निर्भर करता है

आज लोग अपना ज्यादातर वक्त स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, टैबलेट, टेलीविजन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजीटल स्क्रीन पर बिताते हैं और इस पर दुनियाभर में विशेषज्ञों तथा माता-पिता के बीच बहस छिड़ी हुई है कि क्या छोटे बच्चों को इन डिजीटल उपकरणों का इस्तेमाल करने देना चाहिए। तो फिर 'स्क्रीन टाइम' का बच्चे के तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक विकास पर वास्तविक प्रभाव क्या है? कई बाल चिकित्सा संघ बचपन में खासतौर से पांच साल की आयु तक के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखने की सलाह देते हैं लेकिन अनुसंधान से पता चलता है कि यह तस्वीर पूरी तरह से सच नहीं है। बच्चे स्क्रीन टाइम में क्या देखते हैं, वह इसके प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। कई अध्ययनों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से बच्चों में आंखों की थकान, आंखों में सूखापन और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। इसके अलावा, बच्चों को जिस प्राकृतिक उत्तेजना की ज़रूरत होती है, तकनीक उसकी जगह नहीं ले सकती और न ही लेनी चाहिए।



# केंद्रीय योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक

## सिंधु निवास पहुंचकर परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

रस्मी



**रोहतक।** केंद्रीय योजना, सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने रोहतक स्थित सिंधु निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए। उन्होंने 90 साल तक पूरे परिवार को एक साथ रखा। उन्होंने परिवार को बहुत ही अच्छे संस्कार दिए। यह बहुत बड़ी बात है। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला कैप्टन अभिमन्यु निवास पर माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां का चले जाना मतलब सब कुछ चले जाना। परमपिता परमेश्वर परिवार को मां के जाने का दुख सहने की शक्ति प्रदान करे और परिवार को तरक्की प्रदान करे। ऐसी हम कामना करते हैं। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे हैं। माता के आशीर्वाद से ही सिंधु परिवार ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। मां बेशक चली गई हैं लेकिन मां का आशीर्वाद परिवार पर हमेशा रहेगा और ऐसे ही परिवार समाज और राष्ट्र की सेवा करता रहेगा। हांसी के विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि कैप्टन अभिम्यनु की माता परेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा ऐसी संस्कार मां, जिसने पूरे परिवार को 90 साल तक पालन पोषण किया और एक साथ रखा। परिवार के सभी सदस्य एक ही छत के नीचे रहे। एक रसोई में खाना बना। ऐसी मां हमेशा के लिए चली जाती है तो परिवार को बहु दुख होता है।

### खापों ने दी माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि

माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंची कई खाप पंचायतें पहुंची। ऑल इंडिया गहलावत खाप नेता दयानंद गहलावत , 8 गामा प्रधान सतबीर ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे हैं। माता परमेश्वरी देवी के संस्कारों की वजह से परिवार हमेशा एकजुट रहा है। उनके जीवन से दूसरों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने दी श्रद्धांजलि



पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने रोहतक स्थित सिंधु निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## इन्होंने दी श्रद्धांजलि

शोक व्यक्त करने वालों में सह प्रभारी हरियाणा भाजपा सुरेंद्र नागर, आप नेता सुशील गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया प्रदेश महामंत्री, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली बीजेपी वीरेंद्र सचदेवा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोपीचंद गहलौत, महम विधायक बलराम दांगी, कांग्रेस नेता चक्रवर्ती शर्मा, मेयर फरीदाबाद प्रवीण बत्रा, पूर्व मंत्री पंजाब मनप्रीत सिंह बादल, हर्ष भनवाला अध्यक्ष हरियाणा ग्रामीण, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, भाजपा नेता रामकरण हुड्डा, सुरेंद्र सिंह बरवाला पूर्व मंत्री, धर्मपाल मालिक पूर्व विधायक गोहाना, धनेश अदलखा विधायक, निखिल मदान विधायक सोनीपत, देवेंद्र कादयान विधायक गन्नौर, तेजपाल तंवर विधायक सोहना, विधायक चन्द प्रकाश,



सोनीपत मेयर राजीव जैन, विधायक कुलदीप वत्स, विधायक रामकुमार कश्यप, कंवरवीर सिंह पंजाब भाजपा नेता, जगमोहन विधायक करनाल, योगेश्वर दत्त, अनिता कुंडू, अभिमन्यु यादव पूर्व निजी सहायक सीएम, विजयपाल एडवोकेट पूर्व सदस्य एसएसएस बोर्ड, डीसी रोहतक धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जींद तिजेंद्र ढुल, जिलाध्यक्ष फरीदाबाद पंकज पूजन रामपाल, विरेंद्र कौशिक जिलाध्यक्ष भिवानी, जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र प्रधान डॉ कृष्ण, रघबीर तेवतिया विधायक पृथला, पूर्व वित्त मंत्री सरदार परमिंद्र सिंह, मेयर फरीदाबाद प्रवीन संदीप जोशी, पूर्व मेयर यमुनानगर मदन चौहान, पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, प्रवीन बंसल भाजपा नेता पंजाब, अजय गौड़, जगदीश चौपड़ा, राजीव जेटली, धर्मबीर मिर्जापुर चेयरमैन, भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, विधायक भिवानी धनश्याम सर्राफ, पवन जिंदल उत्तर क्षेत्रीय संघ चालक, प्रताप संचालक प्रताप, गुरुकुल झज्जर आचार्या विजय पाल, झोझु कलां आचार्या चांद सिंह, गुरुकुल चरखी दादरी आचार्या प्रवीन, कुलपति सुपवा अमित आर्य, यशपाल पंवार अध्यक्ष हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।








**RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD**: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | **SPARSH AUTOMOBILES:** 9926003332 | **AVANTI VIHAR**: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390| **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | **BHATAGAON**: HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

haribhoomi.com
हरिभूमि बालभूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025 | 04
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *

### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

### ऐडर डक



बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *



### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *

### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *



### रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *



### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें:** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक:** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।

कहानी
सरस्वती रमेश



जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



भव्या, बिलासपुर



तन्वी, रोहतक



वेदिका, बालोद



रेयांश, बिलासपुर



समृद्धि, शहडोल

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



अमरनाथ यात्रा पर दिखा पहलगाम आतंकी हमले का असर



# 2.35 लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन, 85 हजार ने भरी हामी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने इस साल की अमरनाथ यात्रा पर गंभीर असर डाला है। 38 दिन की अमरनाथ यात्रा के लिए पहले जहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था, वहीं अब हमले के बाद लोगों में डर और अनिश्चितता देखने को मिल रही है। पहलगाम में आतंकी हमले से पहले 2 लाख 35 हजार से अधिक लोगों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन हमले के बाद जब प्रशासन ने इन श्रद्धालुओं से पुष्टि के लिए संपर्क किया, तो केवल 85000 लोगों ने ही यात्रा पर आने की पुष्टि की है।

**खास बातें**

- एलजी सिन्हा ने हर यात्री के लिए आरएफआईडी ट्रैकिंग सिस्टम लागू
- -3 जुलाई से शुरू हो रही है बाबा बर्फानी की सालाना यात्रा



### 2 माह की बजाय होगी 38 दिन की यात्रा

*इस बार अमरनाथ यात्रा का समय भी घटाया गया है। अभी तक ये यात्रा 2 महीने की यात्रा होती थी, लेकिन इस बार ये 38 दिन की होगी। इसका असर भी यात्रा पर दिख रहा है। इसके अलावा आतंकी हमले ने जम्मू-कश्मीर के पर्यटन पर भी गहरा असर डाला है।*

## यात्रा के लिए रहेगी तीन लेयर की सिक्योरिटी'

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर गुरुवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया, तीन जुलाई से शुरू हो रही यात्रा के लिए 3 लेयर की सिक्योरिटी रहेगी। हर यात्री के लिए आरएफआईडी ट्रैकिंग सिस्टम लागू है। हर जगह हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए गए हैं। सिन्हा ने बताया, पहलगाम हमले के बाद पंजीकरण कम हुआ है। करीब 10 फीसदी कम लोगों ने आवेदन किया है। अब संख्या बढ़ रही है। सुरक्षा बलों ने बेस कैंप और रूट के चारों तरफ तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है। मॉक ड्रिल की गई है।



**सुरक्षा काफिले के साथ चलें :** मनोज सिन्हा ने कहा कि सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा काफिले के साथ चलें। यहां तक कि निजी वाहनों से भी हम अनुरोध करते हैं कि वे सुरक्षा काफिले के साथ जम्मू से बेस कैंप तक जाएं। बता दें कि अमरनाथ यात्रा का रूट 1 जुलाई से नो फ्लाई जोन रहेगा। एंटी ड्रोन सिस्टम की पूरी तैनाती रहेगी।

## सदियों पुरानी परंपरा को जीवित बनाए रखें कश्मीरी : अब्दुल्ला



नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने कश्मीर के लोगों से तीर्थयात्रा को सुरक्षित, शांत और विश्वासपूर्ण में संपन्न कराने की अपनी सदियों पुरानी परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा पहलगाम में आतंकी हमले से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में श्री अमरनाथ तीर्थयात्रा ही सहयोग करेगी। इस तीर्थयात्रा की सफलता दुनियाभर में कश्मीर में सबकुछ ठीक होने का संदेश देते हुए कश्मीर के पर्यटन व अन्य आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगी। इसलिए इस तीर्थयात्रा को सुरक्षित तरीके से संपन्न करानेद्ध श्रद्धालुओं की हर संभव मदद करने में, कश्मीरियों को अपनी सदियों पुरानी परम्परा को निभाना होगा। श्री अमरनाथ की यात्रा कश्मीरियों की मिली जुली संस्कृतिक, हिंदु-मुसलमान भाइचारे का प्रतीक है।

**खबर संक्षेप**

### हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा : खामेनेई



**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने सीजफायर के बाद पहला बयान दिया है। उन्होंने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा है कि हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा है। उन्होंने यहां तक दावा किया है कि अमेरिका को अपने हमलों से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उनकी तरफ से चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर भविष्य में अमेरिका ने फिर हमला करने की कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी होगी।

### जैश-ए-मोहम्मद ने दी राम मंदिर पर हमले की धमकी



**तेहरान।** पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद ने भारत के तीन शहरों और राम मंदिर पर हमले की धमकी दी है। यह धमकी सोशल मीडिया पर जारी एक ऑडियो में दी गई है। ऑडियो में जैश ए मोहम्मद सरगना मसूद अजहर की आवाज है। वह भारत में जेलों में बंद अपने आदमियों को छुड़ाने की बात कर रहा है। वह दिल्ली, मुंबई और अमृतसर में आतंक फैलाने की धमकी दे रहा है। जैश ए मोहम्मद पहले भी भारत में कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है।

### वीजा : अमेरिका का तुगलकी फरमान

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** अमेरिका के वीजा की इच्छा रखने वाले लोगों खासकर छात्रों को अब बीते पांच सालों से प्रयोग किए जा रहे अपने तमाम सोशल मीडिया हैंडल के यूजरनेम सार्वजनिक करने पड़ेंगे। ऐसा न करने पर उन्हें दुनिया के शीर्ष पसंदीदा देश का वीजा नहीं मिलेगा या भविष्य में भी इससे जुड़ी हुई सारी गुंजाइश खत्म हो जाएगी। यह जानकारी भारत में अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में जारी किए गए एक संक्षिप्त बयान के जरिए दी। जिसमें दूतावास ने एक बार फिर से दोहराते हुए कहा कि अमेरिका का वीजा से संबंधित प्रत्येक निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वीजा या आव्रजन मामले किसी भी देश के संप्रभु कार्यों से संबंधित हैं।

एअर इंडिया प्लेन क्रैश की जांच में बड़ी सफलता

# अहमदाबाद विमान हादसे की सुलझेगी अब गुत्थी, ब्लैक बॉक्स से मिला डेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एअर इंडिया की फ्लाइट 12 जून को अहमदाबाद में टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इस हादसे की जांच कर रही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) को बड़ी सफलता मिली है। सरकार ने गुरुवार को बताया कि विमान के ब्लैक बॉक्स से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) को सुरक्षित निकाल लिया गया है, उनका डेटा डाउनलोड कर लिया गया है और अब इनका विश्लेषण शुरू कर दिया गया है। ये दोनों रिकॉर्डर विमान हादसों की जांच में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं।

**खास बातें**

- डेटा निकालने की प्रोसेस शुरू, हादसे का सच आएगा सामने!
- इस हादसे में गई थी 275 लोगों की जान



### मेमोरी सफलतापूर्वक एक्सेस, डेटा डाउनलोड

ब्लैक बॉक्स को 24 जून को अहमदाबाद से दिल्ली लाया गया, जहां उसे एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की प्रयोगशाला में खोला गया। इसके बाद क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाला गया। इसकी मेमोरी को सफलतापूर्वक एक्सेस कर डेटा डाउनलोड किया गया। बता दें कि इस हादसे में 275 लोगों की जान गई थी। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की जान गई थी। प्लेन क्रैश में सिर्फ एक व्यक्ति विश्वास कुमार रमेश ही जीवित बचे थे।

### क्या है सीवीआर और एफडीआर?

सीवीआर (कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) होता है, इसमें पायलटों की बातचीत और कॉकपिट की आवाजें रिकॉर्ड होती हैं, जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि हादसे से ठीक पहले क्या स्थिति थी। एफडीआर (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर) होता है, ये विमान की गति, ऊंचाई, इंजन की स्थिति, दिशा और अन्य तकनीकी सूचनाएं रिकॉर्ड करता है।

### जांच का मकसद

सीवीआर और एफडीआर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर हादसे से पहले की पूरी घटनाक्रम को दोबारा समझने की कोशिश की जा रही है। विश्लेषण से यह पता लगाया जाएगा कि कहीं तकनीकी खराबी, पायलट की गलती या कोई बाहरी कारण तो हादसे के पीछे नहीं था। इसका उद्देश्य हवाई सुरक्षा को और मजबूत बनाना और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकना है।

### जांच के लिए नामित प्राधिकरण

भारत, अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है।

### बहु-विशेषज्ञ दल का गठन

नागर विमानन मंत्रालय ने बयान में कहा कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है, और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है।

## 'अहीर रेजिमेंट' के 2 हजार लोगों ने थाना घेरा, पुलिस पर पथराव, गाड़ी तोड़ी

एजेंसी ▶▶ इटावा

कथावाचक अपमान प्रकरण के मामले ने अब रौद्र रूप ले लिया है। इटावा के दांदरपुर गांव में गुरवार, 26 जून को भारी बवाल मचा। दो कथावाचकों के साथ हुई बदसलूकी के विरोध में गुरुवार को अहीर रेजीमेंट के कुछ सदस्य दांदरपुर गांव में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो लोगों ने पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। पुलिस ने बल प्रयोग किया और हवाई फायरिंग भी की। इसके बाद हालात काबू में हुए। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को अरेस्ट किया है। पत्थरबाजी में पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर भारी फोर्स मौजूद है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीशचंद्र ने कहा, कुछ लोगों के द्वारा उपद्रव करने की कोशिश की गई थी। इन सबको नियंत्रण में कर लिया गया है। शांति व्यवस्था कायम है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले दांदरपुर गांव में कथावाचकों से बदसलूकी हुई थी। इसको लेकर ब्राह्मण और यादव पक्ष के लोग आमने-सामने हैं।

**कथावाचक कांड के बाद इटावा में बवाल!**



### युवकों ने पुलिस की गाड़ी तोड़ डाली

कुछ युवकों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से पुलिस की गाड़ी भी तोड़ डाली। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ तितर-बितर की। पुलिस ने दौड़ाकर कई उपद्रवियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस वीडियो के माध्यम से फरार उपद्रवियों को खोज रही है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया कि तत्काल घटना पर नियंत्रण पा लिया गया। गांव के बाहर फोर्स तैनात है।

### विदेशी भाषा का विरोध नहीं, काम अपनी मातृभाषा में करें: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, हालांकि आग्रह अपनी भाषा को गौरवान्वित, महिमामंडित करने का होना चाहिए। आग्रह अपनी भाषा को बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच प्रण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, उसमें अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते। शाह दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे।

चुनाव आयोग ने लटकाई तलवार

## संकट में है जोगी की पार्टी समेत 345 राजनीतिक दलों का अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर, 345 पंजीकृत अपंजीकृत राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। ये दल पिछले छह वर्षों (2019 से) में एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे हैं और इनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कहीं भी पता नहीं चल सका। ये 345 आरयूपीपी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में ईसीआई के साथ पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जो एक आरयूपीपी के रूप में बने रहने के लिए जरूरी हैं। इसके लिए, ईसीआई ने देशव्यापी अभियान चलाया, जिसके तहत अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है।




### ऐसे होता है पंजीकरण

देश में राजनीतिक दल (राष्ट्रीय/राज्य/आरयूपीपी) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत ईसीआई के साथ पंजीकृत होते हैं। इस प्रावधान के तहत, एक बार पंजीकृत होने पर किसी भी राजनीतिक दल को कर छूट जैसे कई विशेषाधिकार और लाभ प्राप्त होते हैं।यह अभियान राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और उन दलों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिन्होंने 2019 के बाद से लोकसभा, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं या उप-चुनावों में कोई चुनाव नहीं लड़ा और जिनका भौतिक रूप से पता नहीं लगाया जा सका। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस अभियान के पहले चरण में 345 आरयूपीपी की पहचान की गई है, और यह प्रक्रिया राजनीतिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ जारी रहेगी। उक्त अधिकारी ने बताया, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की स्थापना वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने की थी।

### 'ईगल' ने मांगी महाराष्ट्र हरियाणा का मतदान फुटेज

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पिछले दिनों राहुल गाँधी की चुनावी शिकायत दूर करने के लिए मिलने का सुझाव दिया था ताकि सामने बैठ कर वे सवालों के जवाब लें। इसके जवाब में कांग्रेस की /"ईगल टीम/" ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर जवाब दिया। टीम ने महाराष्ट्र और हरियाणा की मतदाता सूची और मतदान फुटेज हफ्ते भर में उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही दो पेज के पत्र में लिखा, आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद पार्टी के पास जो जानकारी है उससे मिलान कर एक रिपोर्ट के साथ पार्टी हाईकमान चुनाव आयोग के साथ बैठेगा। कांग्रेस पार्टी की ईगल ( इंपावर्ड एक्शन ग्रुप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट्स) टीम ने भारत निर्वाचन आयोग को एक पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में कथित अनियमितताओं के संबंध में जवाब दिया है। यह पत्र लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आयोग द्वारा 12 जून को लिखे गए पत्र के जवाब में है, जिसमें आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से संबंधित उनके आरोपों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया था।






## जैकेट के शेष

### 28 घंटे का ...

समयानुसार शाम 4:15 बजे पूरी हुई। एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्री बुधवार को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस की यात्रा पर निकले थे।

**साझा किया अनुभव** : अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में 'एक बच्चे की तरह' रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। **गगनयान मिशन से पहले की बड़ी छलांग** : शुभांशु शुक्ला इसरो के 2025 में प्रस्तावित 'गगनयान मिशन' के लिए चयनित चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। उनकी यह उड़ान भारत की पहली स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष यात्रा के लिए एक अहम अभ्यास है। आपको बता दें कि 1984 में राकेश शर्मा पहले भारतीय थे जिन्होंने सोवियत मिशन सोयुज टी-11 के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी, लेकिन वह **ISS** नहीं गए थे।

### डॉकिंग क्या है?....

एक-दूसरे की स्थिति की निगरानी करते हैं। डॉकिंग के दौरान दोनों यानों को बहुत धीरे-धीरे एक-दूसरे की ओर ले जाया जाता है। जब दोनों यान एक-दूसरे के काफी करीब आ जाते हैं तो वे एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं।

### सबको हंसाने वाले ....

विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप सहित अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मंत्रियों एवं कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। शाम को डा. दुबे का पार्थिव शरीर उनके अशोका रत्न शंकरनगर स्थित निवास लाया गया। उनके निधन की सूचना के बाद से निवास स्थान पर शुभचिंतकों की भीड़ पहुंचने लगी। मंत्री, विधायक भी वहां पहुंचे। **देश विदेश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया** : 8 जनवरी 1953 को दुर्ग के बेमेतरा में जन्मे सुरेंद्र दुबे ने देश विदेश में अपनी रचनाओं से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। साल 2010 में सुरेंद्र दुबे को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पद्मश्री सुरेंद्र दुबे पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक, व्यंग्यकार, लेखक और हास्य कवि थे। हिंदी साहित्य में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें काका हाथरसी सम्मान भी मिला। सुरेंद्र दुबे ने 5 किताबें लिखी हैं। मंच और टीवी शो में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वह छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के पहले सचिव थे।

### संवेदना व्यक्त....

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, **स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)** हेतु स्वीकृत निम्नलिखित शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए संविदा भर्ती हेतु कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर में **प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह के गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे "वाक इन इन्टरव्यू" आयोजित किया जाता है, के अनुक्रम में इस माह भी आयोजित की जावेगी ।**

इस संस्था के विभिन्न विभागों में आरक्षित / अनारक्षित वर्ग के चिकित्सा शिक्षकों, चिकित्सकों, सीनियर रेसीडेंट, जूनियर रेसीडेंट, प्रदर्शक / ट्यूटर एवं अन्य चिकित्सक प्रथम, द्वितीय श्रेणी के रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु एन.एम.सी. के मापदण्ड की अर्हता अधिकतम आयु 70 वर्ष तक नियुक्ति मान्य होगी) रखते हों। योग्य उम्मीदवार (MBBS, PG, Certificate, Registration, Pan Card, Experience Certificate, Domicile Certificate, Caste Certificate and Relieving letter from previous institution, applicable etc.) एवं उनकी स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ इस महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है ।

| क्र. | प्राध्यापक | एक मुश्त संविदा वेतन | रिक्त पद | अनुसूचित जन जाति | अनुसूचित जाति | पिछड़ा वर्ग | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राध्यापक | 2,25,000/- | 04 | 01 | 00 | 01 | 02 |
| 2. | सह प्राध्यापक | 1,85,000/- | 13 | 04 | 00 | 02 | 07 |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 1,25,000/- | 24 | 08 | 01 | 03 | 13 |
| 4. | सीनियर रेसिडेंट (पी.जी.) | 95,000/- | 26 | 09 | 01 | 03 | 13 |
| 5. | जूनियर रेसिडेंट | 63,000/- | 21 | 07 | 00 | 03 | 11 |
| 6. | प्रदर्शक | 53,000/- | 04 | 01 | 00 | 01 | 02 |

विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, जगदलपुर की वेबसाईट- gmcjagdalpur.ac.in पर उपलब्ध है। रिक्त पदों की संख्या समय-समय पर परिवर्तनीय है ।

**अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**डिमरापाल, जगदलपुर (छ.ग.)**

G- 252601808/3


## सेबी ने बीएसई पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को बीएसई पर सभी हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहने और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। फरवरी, 2021 और सितंबर, 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया। भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक सूचीबद्धता अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक होने से पहले पहुंच प्रदान की, जिससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ।


## GOVERNMENT OF MAHARASHTRA PUBLIC WORK DEPARTMENT
## INVITATION FOR TENDERS

**Website http://mahatenders.gov.in** **Email.jawhar.ee@mahapwd.gov.in**

**E-TENDER NOTICE No.09 For 2025-26**

Online Tenders (e-tender) in "B-1" form for the following works is invited by the Executive Engineer, P.W. Division, Jawhar, on Government of Maharashtra Electronic Tender Management System from the Registered Contractors in appropriate class of Public Works Department of Maharashtra State. This tender notice contains 01 (One) work and their details can also be viewed on www.mahapwd.com and also downloaded from Government of Maharashtra e-tendering Portal http://mahatenders.gov.in and sub portal.

| Sr. No. | Name of Work | Work Portion (Rs. Lakhs) | Earnest money (Rs) | Class of Contractor | Tender form Fee (nonrefundable) | Time limit in (Calendar Months) | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reconstruction of Major Bridge on SH-30 (Kasa Bu.) Dhamni Tilonda Kharonda Ozar to Talasari Khambala Hattipada to Vavar Road. MDR-15. Km 8/500, Taluka-Jawhar, District-Palghar. | 3,60,97,018.00 | 1,80,000.00 | Eligible and Competent Contractor | Rs.2000/- + 18% GST Rs.360/- Total Rs.2360/- | 12 (Twelve) Months (Including monsoon) | 5054 (04) Road and Bridge 50540106-53 |

Period of E-Tenders - Date-24/06/2025 to Date-01/07/2025
Date of Opening - Date-02/07/2025 after 11.00 hrs. (If possible)
Date of Pre-bid Meeting - Date-26/06/2025 at Chief Engineer Office (P.W.) Region, Konkan Mumbai, by 12.00 pm.

The Executive Engineer P. W. Division Jawhar Reserves right to Accept or Reject any offer. Conditional offers will not be accepted.

**Note :-** 1 All eligible/ interested e-tenders are required to be enrolled on portal enrolled on ports http://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering. 2 The Electronic tendering system for Public Works Department of Government of Maharashtra will be available on separate Sub Portal with URI, http://mahatenders.gov.in as part of the Electronic Tendering system of Government of Maharashtra which is available on the Portal http://maharashtra.etenders.in

**OW.No./PWD/JWR/TC/3263/2025**
**Office of the Executive Engineer**
**Public Work Division, Jawhar**
**Dist. Palghar. Pin-401603**
**Date:-17/06/2025**

**Executive Engineer**
**P. W. Division, Jawhar**
**Dist-Palghar**

DGIPR-2025-26/1378



# सन ऑफ सरदार 2 का टीजर रिलीज
## हंसी-ठहाकों के बीच दिखा शानदार एक्शन

**मुंबई।** बड़े इंतजार के बाद अजय देवगन की आगामी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का टीजर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इसके टीजर में दिखाया गया है कि अजय देवगन एक बार फिर से जस्सी के किरदार में वापस आ रहे हैं। फिर वह एक विदेशी शादी के चक्कर में फंस जाते हैं, जिसके बाद सारा ड्रामा शुरू हो जाता है और भरपूर एक्शन भी दिखाई देता है। इसके अलावा फिल्म के टीजर में मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, विंदू दारा सिंह, चंकी पांडे, दीपक डोबरियाल, कुबरा सैत, शरत सक्सेना, अश्विनी कालसेकर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। अंत में दिखाया जाता है कि अजय देवगन पंजाब में तो सर्वाइव कर गए, पर क्या स्कॉटलैंड में टिक पाएंगे? इस टीजर में एक सीन ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसमें दिवंगत अभिनेता मुकुल देव भी दिखाई दे रहे हैं, जो फिल्म में टोनी का किरदार निभाएंगे।



**रंग दे बसंती में लीड रोल ऑफर पर भड़के : मुंबई।** बॉलीवुड के दमदार अभिनेता मनोज बाजपेयी एक बार फिर अपनी बेबाकी को लेकर चर्चा में हैं। इस बार वजह बनी एक वायरल रिपोर्ट, जिसमें दावा किया गया कि उन्हें 'रंग दे बसंती' फिल्म में आमिर खान के किरदार के लिए पहली पसंद बताया गया था। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि मनोज के जवाब न देने के कारण फिल्म छह साल तक टल गई। लेकिन, जब ये खबर मनोज तक पहुंची, तो उन्होंने तुरंत सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी और इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

# अंधेरे जंगल में भाला लिए आई नजर...



**मुंबई।** हाल ही में रश्मिका मंदाना धनुष अभिनीत 'कुबेर' से चर्चा में हैं। अभिनेत्री इसके अलावा कई और प्रोजक्ट्स पर काम कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें वो एक योद्धा के रूप में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। अभिनेत्री रश्मिका मंदान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की हैं। इसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्हें योद्धा के अवतार में देखा जा सकता है। पोस्टर में अभिनेत्री का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है, लेकिन वो रौद्र रूप में दिख रही हैं और उनके हाथ में भाला भी है। उनके चारों तरफ तबाही का मंजर है और कुछ लोग उन पर हमला करने के लिए उनका पीछा कर रहे हैं, जिनका अभिनेत्री डटकर सामना करती दिख रही हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी आगामी फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए, फिल्म के बारे में बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया की फिल्म के टाइटल की घोषणा शुक्रवार यानी कि 27 जून को सुबह 10 बजकर 8 मिनट पर होगी। इसके साथ ही अभिनेत्री ने स्टोरी के कैप्शन में लिखा कि उनकी इस फिल्म का टाइटल क्या होगा कोई बता सकता है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें लगता है कि कोई नहीं बता सकता, लेकिन अगर कोई बता देता है तो वह उनसे जरूर मिलेंगी। रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो इस समय अभिनेत्री धनुष की कुबेर में नजर आ रही हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# नई एक्ट्रेस के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने दिए पोज



**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कोरियन एक्ट्रेस के साथ पार्क में टहल रहे हैं और कई बेहतरीन पोज दे रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा 'अगर ये कोई फिल्म होती तो इसका क्या नाम होता?' उनके साथ हंस रहे हैं और मुस्कुरा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सफेद टी-शर्ट और काली पैंट पहनी है। उन्होंने ऊपर से शर्ट पहनी हुई है। वहीं, चाए सू-बिन ने स्कर्ट और टॉप पहना है। ऊपर से स्वेटर पहना है। दोनों चप्पल का विज्ञापन कर रहे हैं। गली बॉय और गहराइयां जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके सिद्धांत जल्द ही फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगे।

# वॉर-2 में एक्शन मूड में दिखीं कियारा



**मुंबई।** इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर जैसे सुपरस्टार नजर आएंगे। इसके साथ ही फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी का भी एक्शन अवतार दिखेगा, जिसकी उन्होंने एक झलक दिखाई है। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पर गुरुवार के दिन कुछ पोस्ट शेयर किए हैं। एक पोस्ट में अभिनेत्री को एक्शन मोड में देखा जा सकता है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और हाथ में बंदूक लेकर किसी की ओर निशाना लगाने का प्रयास करती दिख रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने पोस्टर के जरिए बताया कि यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में रिलीज की जाएगी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजुकेशन स्पेशल
कोटा स्टडी सर्कल भिलाई/रायपुर
Umang Khatri 99.88% IIT-JEE (Adv.)
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
• कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
• हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के पृथक-पृथक बैचेस
• गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग हॉस्टल
रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.) 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

### Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** प्रोफेसर कॉलोनी स्थित उज्जवल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) तक SST, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिका की आवश्यकता है **संपर्क- मो. 9827187027, 7000376167.**(RO-139)

### ड्रायवर/लेबर

**आवश्यकता है-** आशिर्वाद किराया भंडार में ड्राइवर + लेबर कार्य हेतु एक लड़के की आवश्यकता है। वेतन 11000/- रुपये कार्य समय सुबह 9:00 से शाम 8:30 बजे तक **पता- सुहागा मंदिर ब्राह्मण पारा रायपुर संपर्क करें- 9826182338.**(RO-6813)

### सुपरवाइजर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु सुपरवाइजर, ठेकेदार, मिस्त्री, रेजा, कुली की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है कंस्ट्रक्शन रायपुर तेलीबांधा में हैं **संपर्क करें- मो. 9584400687.**(RO-6814)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा, 94242-25533.** (RO-06)

### टीचर

**आवश्यकता है-** शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। लेखाशास्त्र संस्कृति एवं विज्ञान समूह का नया सवेरा हायर सेकेंडरी स्कूल गोकुल नगर, रामनगर रायपुर (छत्तीसगढ़) **संपर्क करें- 9993453324.**(RO-6811)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में इंडसट्रियल प्रोडक्ट मार्केटिंग हेतु अनुभवी लड़के कि जरूरत है स्वयं की गाड़ी हो सैलरी योग्यतानुसार Yamico industries Raipur Contact: 9300009333, 9893982121.(RO-0027)

### आफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र, छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- **संपर्क:- 8815522974, 7869296951.**(RO-135)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** प्रॉपर्टी ऑफिस में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है उम्रः 18 से 25 वर्ष, लोकेशनः रिसाली धनोरा वेतनः योग्यतानुसार + कमीशन **संपर्क करें :- मो.- 98279-20202.**(आरो न.-778)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ में नवबोध प्रकाशन की किताबों के प्रचार कार्य हेतु 12वीं पास मेहनती लड़कों की। (मासिक वेतन+रहना-खाना।) संपर्क करें- सारंगढ़- 9575647423, वाड्रफनगर- 6267623201, सूरजपुर- 7000272390, मुंगेली- 9993727517, धमतरी- 9644033457, कांकेर- 8770732495, बिलासपुर- 9669738716, गरियाबंद- 8965043034, रायपुर ऑफिस- 71145007, 7471145004. **7, समता कालोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर(छ.ग)** (RO-152)

### लेबर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** सिलतरा में बाइंडिंग वायर फैक्ट्री के लिए भट्टी चलाने के लिए लेबर (मजदूर), और बाइंडिंग वायर मशीन चलाने के लिए ऑपरेटर की आवश्यकता है, मजदूर (लेबर) **ठेकेदार भी संपर्क करे:- 9243821851.** (RO-141)

### मैनेजर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** सिंमगा ब्रांच हेतु मैनेजर/ सुपरवाइजर /कैशियर/ मार्केटिंग/ सेल्समैन / मैकेनिक / ड्राइवर की टू व्हीलर शोरूम में आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें- 8602251000.** (RO-7379)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### जॉब

**आवश्यकता है-** जॉब उपलब्ध-लड़के-लड़कियों की जो फील्ड वर्क अथवा एक्यूप्रेशर थैरेपी सेंटर से 15 से 20,000/- महिना कमाए (ट्रेनिंग फ्री, काम सिखाया जाएगा), फ्रेशर्स भी पार्टटाइम/फुल टाइम, इंटरव्यू मिले **7974071852, 7828604032 तेलीबांधा**(RO-6814)

### अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(धीरेंद्र कुमार)- 7392890179.**(RO-985)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8929595380.**(RO-982)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- **9798472261.**(RO-989)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### Medical चिकित्सा

**चिकित्सक-** निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श - 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार-रविवार शाम 6:00 से 8:00 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें **मो. 7240844677, 9407335377 महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य 504- सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर** (RO-6812)

### Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** 2025-2026 पूर्णतः निःशुल्क संस्कृत माध्यम , देववाणी प्राच्य संस्कृत विद्यालय, पहली से बारहवीं तक संस्कृत साहित्य, व्यवसायिक संस्कृत, आधुनिक समस्त विषय, समस्त बच्चों को सभी शासकीय सुविधाएं उपलब्ध देववाणी प्राच्य **संस्कृत विद्यालय रामनगर भिलाई मो.74891-79859, 96919-67023.** (आरो न.-7184)

### Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:-** APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603. (RO-080)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Property प्रापर्टी

**बेचना है-** रायपुर रोड में बिलासपुर हाईकोर्ट के सामने, एयरपोर्ट रोड, मेन रोड से 50मी. अन्दर 50×200 वर्गफीट, व्यावसायिक, डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। **सम्पर्क करें- 9300310774.** (RO-1470)

### For Rent किराया

**मकान किराये से देना है-** रायपुर रिंग रोड- 01, उद्योग भवन के सामने परशुराम नगर स्थित E36, प्रथम तल 2BHK सर्वसुविधायुक्त मकान किराये से देना है। शाकाहारी एवं सरकारी/ अर्धसरकारी परिवार को प्राथमिकता! 9302999000.(RO-7378)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




हरिभूमि क्लासीफाईड

Healthcare
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साइंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे
मोबाईल नं.- 9425555569 9617789223, 9303242200
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# इंग्लैंड बनाम भारत : एजबेस्टन के मैदान पर इन भारतीय ने चटकाए हैं सबसे ज्यादा विकेट

एजेंसी ▶▶ एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। इस बीच एजबेस्टन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

### चेतन शर्मा

(6/58 बनाम इंग्लैंड, 1986)

भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 1986 में एजबेस्टन में खेला गया टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। उस मैच में भारत के तेज गेंदबाज चेतन शर्मा ने कुल 10 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 130 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने 58 रन देते हुए 6 विकेट लिए थे। वह इस मैदान पर किसी एक मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं।



### कपिल देव (5/146 बनाम इंग्लैंड, 1979)

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट चटकाए थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी 633/5 के स्कोर पर घोषित की थी। इंग्लिश टीम से डेविड गोवर ने दोहरा शतक (200*) लगाया था। जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पारियों में 297 और 253 (फॉलोऑन खेलते हुए) रन बनाए और इंग्लैंड ने पारी और 83 रन से मैच जीता था।

### इशांत शर्मा

(5/51 बनाम इंग्लैंड, 2018)

इंग्लैंड ने 2018 में एजबेस्टन टेस्ट में भारत को 31 रन से हराया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 5 विकेट लिए थे, जिसमें जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाज भी शामिल थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 180 रन पर ढेर हो गई थी। आखिर में जीत के लिए मिले 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 162 रन पर सिमट गई थी।

## इस स्टेडियम में जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच जारी टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। यह मैदान इंग्लैंड के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है, खासकर उनके तेज गेंदबाजों को यहां खास मदद मिलती है। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा कड़ी हो सकती है। इस ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के किन गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प होगा।



### जेम्स एंडरसन (52 विकेट)

जेम्स एंडरसन ने एजबेस्टन में पहला टेस्ट 2003 में खेला और 2023 में आखिरी बार इस मैदान पर उतरे। उन्होंने यहां 14 टेस्ट की 27 पारियों में 24.28 की औसत से 52 विकेट झटके, जिसमें 3 बार 5 विकेट हॉल भी शामिल था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/47 का रहा। वह इस मैदान पर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन यह रिकॉर्ड हमेशा याद किया जाएगा।

### स्टुअर्ट ब्रॉड (49 विकेट)

सूची में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के एक और पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला टेस्ट मैच 2009 में खेला था, जबकि आखिरी बार वह 2023 में इस मैदान पर खेले थे। ब्रॉड ने एजबेस्टन में कुल 11 टेस्ट मैचों की 22 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 23.81 की औसत से 49 विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल लिया। इस मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/86 का रहा।

### फ्रेड ट्रूमैन (39 विकेट)

फ्रेड ट्रूमैन इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने एजबेस्टन में 7 टेस्ट खेले थे। इन मैचों की 13 पारियों में उन्होंने 20.46 की शानदार औसत से 39 विकेट झटके। ट्रूमैन ने इस मैदान पर 3 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 विकेट पर 44 रन रहा था। ट्रूमैन अपने समय के बेहद खतरनाक तेज गेंदबाज माने जाते थे।

---

## खबर संक्षेप



### एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी लवलीना और निकहत

**हैदराबाद।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन आज से यहां शुरू होने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। भारत की कई शीर्ष महिला मुक्केबाज भी यहां इस टूर्नामेंट में कौशल दिखाएंगी जो एक जुलाई तक चलेगा जिसमें पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो भी शिरकत करेंगी। तेलंगाना राज्य संस्था भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अंतर्गत इस टूर्नामेंट का आयोजन करेगी जिसमें 15 इकाइयों की मुक्केबाज हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी एवं प्रतियोगिता नियमों के अनुसार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मैच में तीन तीन मिनट के तीन राउंड होंगे जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में सभी तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर।** भारत ने यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग हॉग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से जीत हासिल की।



### ईशा, विदरसा और पार्थ ने चयन ट्रायल में जीत दर्ज की

**देहरादून।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह यहां ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता। ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## एजबेस्टन में बेहद खराब रहा है भारत का प्रदर्शन

# गिल ब्रिगेड के पास इतिहास रचने का मौका एजबेस्टन में एक भी टेस्ट नहीं जीता भारत

एजेंसी ▶▶ एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी।

एजबेस्टन में अब तक भारतीय टीम ने कोई टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इतिहास बदलना चाहेगी या फिर पुराना इतिहास दोहराना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन ऐसा रहा है।

### एजबेस्टन में भारत ने हारे 7 टेस्ट

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारत की कप्तानी कर रहे थे।



### इंग्लैंड ने एजबेस्टन में जीते हैं 30 टेस्ट

एजबेस्टन में इंग्लैंड ने कुल 56 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 30 में टीम को जीत मिली, जबकि 11 में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच 15 टेस्ट ड्रॉ रहे थे। इंग्लिश टीम का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 710 रन है। वहीं, सबसे कम स्कोर 98 रन है। इंग्लैंड ने यहां पर अपना पिछला टेस्ट जुलाई 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था और उसे 10 विकेट से जीता था।

### जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे

भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें दूसरे टेस्ट से आराम दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में होना है और बुमराह फिर से तीसरे टेस्ट में टीम में वापसी करेंगे। बता दें कि भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर पहले ही ये स्पष्ट कर चुके हैं कि बुमराह 3 टेस्ट मैच खेलेंगे, लेकिन यह तय नहीं किया है कि वह कौन से 2 अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। **इंग्लैंड की टीम:** बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स। अब देखना होगा कि इन खिलाड़ियों में से किसे दूसरे टेस्ट में मौका मिलता है।

## श्रीलंका बनाम बांग्लादेश

# पथुम निसांका ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में अपनी पहली पारी के दौरान शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल चौथा और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा शतक रहा। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के टेस्ट में 187 और 24 रन की पारियां खेली थी। निसांका ने बतौर सलामी बल्लेबाज 12 मैचों की 21 पारियों में 900 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस बीच वह 3 शतक भी लगा चुके हैं। वह पिछले कुछ समय से टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज बने हैं।



### शानदार रही निसांका की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए। इसके जवाब में निसांका ने लाहिरु उडारा (40) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी ने 88 रन की साझेदारी की। उडारा के विकेट के पतन के बाद भी निसांका ने एक छोर से निरंतर रन बनाना जारी रखा और मैच के दूसरे दिन के तीसरे सत्र के दौरान अपना शतक पूरा किया।

### श्रीलंका के दो विकेट पर 290 रन

कोलंबो। पाथुम निसांका के लगातार दूसरे टेस्ट शतक की बदौलत श्रीलंका ने बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक पहली पारी में दो विकेट पर 290 रन बना लिए। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई। निसांका ने पिछले हफ्ते गॉल में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में 187 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली थी और अब वह दूसरे टेस्ट में 238 गेंद में 18 चौके की मदद से नाबाद 146 रन बना चुके हैं। निसांका और दिनेश चांडीमल ने बांग्लादेश के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 194 रन की भागीदारी की। चांडीमल ने 153 गेंद में 93 रन बना कर आउट हो गए। प्रभात जयसूर्या 5 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## ट्राई सीरीज

# साउथ अफ्रीका ने ट्राई सीरीज के लिए नए खिलाड़ी डुसेन को सौंपी कप्तानी




एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली ट्राई सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए उन्होंने एक नए खिलाड़ी को टीम का कप्तान बनाया है। साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 से 26 जुलाई तक हरारे में होने वाली टी20 ट्राई-सीरीज के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाज रासी वैन डर डुसेन को कप्तान बनाया गया है।

### नया कोच और नए खिलाड़ी

यह सीरीज साउथ अफ्रीका के लिए टी20 क्रिकेट में नई शुरुआत का मौका है, जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण देखने को मिलेगा। नए कोच शुक्रि कॉनराड की अगुआई में यह टीम 2026 टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को मजबूत करना चाहती है।

### चार नए चेहरों को मौका

साउथ अफ्रीका की इस टीम में चार नए खिलाड़ियों को पहली बार टी20 इंटरनेशनल में मौका मिला है। मोमेंटम मल्टीप्लाई टाइटन्स के कॉर्बिन बॉश और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, नॉर्थ वेस्ट ड्रैगन्स के बल्लेबाज रुबिन हरमन और ईपी वॉरियर्स के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी को शामिल किया गया है। प्रिटोरियस और हरमन ने एसए20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, जहां प्रिटोरियस ने 397 रन बनाए थे।

### शुक्रि कॉनराड का पहला टी20 असाइनमेंट

यह सीरीज साउथ अफ्रीका के नए ऑल-फॉर्मेट कोच शुक्रि कॉनराड के लिए पहला टी20 इंटरनेशनल असाइनमेंट है। 2023 से टेस्ट टीम को कोचिंग दे रहे कॉनराड अब व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं। उनकी कोचिंग में साउथ अफ्रीका ने हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीता था।

### रासी वैन डर डुसेन को मिली कप्तानी

साउथ अफ्रीका ने इस ट्राई-सीरीज के लिए रासी वैन डर डुसेन को कप्तान चुना है। रासी पहली बार साउथ अफ्रीका की व्हाइट-बॉल टीम की कप्तानी कर चुके हैं, खासकर पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर। उनके अनुभव और शांत स्वभाव को देखते हुए कोच शुक्रि कॉनराड ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। रासी के साथ रीजा हेंड्रिक्स और लुंगी नगीडी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में हैं, जो युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

### भारत के आस्ट्रेलिया दौरे के सिडनी, कैनबरा मैच के टिकट बिके : सीए

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे में अभी कम से कम चार माह का समय है लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया आठ मैचों के 90000 टिकट बेच चुका है जिसमें सिडनी में तीसरे वनडे और कैनबरा में पहले टी20 के सारे टिकट बिक चुके हैं। भारतीय टीम अक्टूबर नवंबर में आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। दौरे की शुरुआत 19 अक्टूबर को पर्थ में होगी और आखिरी मैच आठ नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जायेगा। सीए ने एक बयान में कहा ,'' आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सफेद गेंद की श्रृंखला अक्टूबर नवंबर में खेली जायेगी। हजारों की संख्या में खरीदे गए टिकट सीए के अनुसार अभी तक बिके टिकटों के 16 प्रतिशत से अधिक भारतीय फैन क्लबों ने खरीदे हैं। इसमें कहा गया भारत आर्मी सबसे सक्रिय फैन क्लब में से है जिसने 2400 टिकट खरीदे हैं।

# बांग्लादेश और पाक के बीच 20 जुलाई से टी-20 सीरीज




### 16 जुलाई को बांग्लादेश पहुंचेगी पाकिस्तानी टीम

पीसीबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान की पुरुष टीम अगले महीने 3 मैचों की द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज इसकी पुष्टि की। सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम 16 जुलाई को ढाका में पहुंचेगी, जिससे उन्हें रविवार 20 जुलाई को पहले टी-20 के साथ सीरीज की शुरुआत से पहले तैयारी के लिए कुछ दिन मिलेंगे।

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अगले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है, जिसके लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 20 जुलाई से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। बता दें कि यह दोनों देशों के बीच इस साल दूसरी टी-20 सीरीज है।

### ऐसा है सीरीज का कार्यक्रम

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले से सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 जुलाई को सीरीज का दूसरा और 24 जुलाई को तीसरा मैच खेला जाएगा। बांग्लादेशी टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर मौजूद है। फिलहाल बांग्लादेशी टीम श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रही है।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैम्पियनशिप में पदार्पण किया था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोस्वामी से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जायेंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। इसकी शुरुआत ग्रुप चरण से होगी जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले होंगे। टीम चार से 15 जुलाई तक गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पर एकत्र होगी। एनसीईई गुवाहाटी में इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप भी होनी है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा भारत के जूनियर सर्किट से विश्व स्तरीय प्रतिभायें निकल रही हैं।

## आईसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अचानक बदले आधे दर्जन से भी ज्यादा

# अब टेस्ट में स्टॉप क्लॉक, शॉर्ट रन, कैच, डीआरएस सहित कई नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक नियम लागू किया है। 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर जानबूझकर पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला फील्डिंग करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे, जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाले में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा।



### दी जाएगी दो चेतावनी, फिर जुर्माना

आईसीसी ने कहा कि फील्डिंग टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी, जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। फील्डिंग टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी। तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच जुर्माना रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा।

### आईसीसी के अन्य नए नियम

- गेंद बदलने का फैसला पूरी तरह से अंपायर्स पर निर्भर ( गेंद तभी बदली जाएगी जब वह पूरी तरह से गीली या खराब हो गई हो और इसका फैसला अंपायर्स लेंगे)।
- नो-बॉल पर होगी कैच की जांच- कैच अगर सही हुआ तो बल्लेबाजी टीम को मिलेंगे मात्र एक रन, भागकर लिया गया रन नहीं माना होगा।
- शॉर्ट रन लेने पर लगेगा पांच रन का जुर्माना- बल्लेबाज द्वारा शॉर्ट रन लेने पर बैटिंग टीम को पांच रनों की पेनाल्टी भुगतनी पड़ेगी। साथ ही फील्डिंग टीम तय करेगी कौन सा बल्लेबाज स्ट्राइक पर होगा।

### आउट फैसले के बाद दूसरी अपील के लिए डीआरएस प्रोटोकॉल

मान लीजिए एक बल्लेबाज को कैच आउट दिया गया और उसने रिव्यू लिया। अल्ट्रा एज से पता चला कि गेंद पैड को छूकर गई थी, बल्ले को नहीं। अब कैच आउट खारिज हो गया, तब टीवी अंपायर दूसरे तरीके से एलबीडब्ल्यू चेक करता है। बॉल-ट्रैकिंग से कन्फर्म करता है। अब तक की व्यवस्था में अगर कैच आउट खारिज हो गया तो एलबीडब्ल्यू की स्थिति में डिफ़ाल्ट फैसला 'नॉट आउट' माना जाता था। नए नियम में एलबीडब्ल्यूएफ के लिए बॉल-ट्रैकिंग ग्राफिक पर 'ओरिजिनल डिसीजन' लेबल 'आउट' दिखाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com